कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार )
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र स. 21-ए-24/12/1/अवर श्रेणी लिपिक/1/2024-स्था.। दिनाक- 09-10-2025

## परिपत्र

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत अवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2024 की दिनांक- 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस आशय के साथ परिचालित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालयाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ अवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 68 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता पहले ही अंतिम रूप से निर्धारित की जा चुकी है, किन्तु सेवा-पुस्तिका व व्यक्तिगत पत्रावली में उपलब्ध विवरण के अनुसार कार्मिकों के विवरण में संशोधन किया गया है, अतः क्रम सं. 1 से 68 तक के कार्मिकों के संदर्भ में विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anurag.kumar@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि.17.10.25 को सायं 05:00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा विलम्ब से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वरिष्ठता सूची को अंतिम मान लिया जाएगा ।

उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विवरण के संबंध में अभ्यावेदन/ आपत्ति अग्रेषित करते समय संबंधित साक्ष्य (सेवा पुस्तिका/ कार्यालय आदेश की सत्यापित प्रति) संलग्न की जानी आवश्यक है ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 68 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची वेबसाइट www.esic.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Digitally signed by Anurag Kumar
Date: 09-10-2025 10:27:07

(अनुराग कुमार)
उप निदेशक(स्थापना-I)

**प्रतिलिपिः-**

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय के निजी सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।
2. डीन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय एवं महाविद्यालय, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
3. संयुक्त निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
4. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
5. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
6. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
7. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अवर श्रेणी लिपिक संवर्ग की ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची की प्रति विषय "DRAFT SENIORITY LIST OF LDC POSTED IN U.P. REGION for Year 2024 (as on 31.12.2024)" के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।
8. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।